J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 10.11.2019

PUNJAB KESARI

टीम अल्फा ने जीता 10 हजार का नकद पुरस्कार

आडियाथॉन 1.0 इवेंट का आयोजन

फरीदाबाद, 8 नवम्बर (पूजा शर्मा): विद्यार्थियों की इनोवेटिव सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आडियाथॉन 1.0 इवेंट का आयोजन किया। कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग तथा कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन इस इवेंट में विद्यार्थियों की रचनात्मक तथा अभिनव सोच को प्रोत्साहित किया गया। इवेंट के दौरान विभिन्न विषयों जैसे कि इंटरनेट ऑफ थिंग्स, साइबर सिक्योरिटी, हेल्थकेयर, एंटरटेनमेंट तथा स्मार्ट एग्रीकल्चर में 56 विद्यार्थियों ने अपने विचारों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को उनके अभिवन विचारों के लिए नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ एसके गर्ग और औद्योगिक विशेषज्ञ रशीम कपूर, हेमंत कोहली और मुकेश कुमार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार कहा कि विद्यार्थियों को अपने स्टार्ट-अप आइडिया केवल इस आयोजन तक सीमित नहीं रखने चाहिए, बल्कि विश्वविद्यालय इंक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से स्टार्ट-अप आइडिया पर काम करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप को डिजाइन करने के लिए अंत:विषय दृष्टकोण अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इनोवेटिव आइडिया की कोई कमी नहीं है, लेकिन समस्या यह है कि हमारे आइडिया एक ही दिशा में हैं जबकि आइडिया के प्रकार बदल रहे हैं। नए आइडिया अंत:विषय नवाचारों पर आधारित होने चाहिए जोकि भविष्य है। इवेंट में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आइडिया को मूल्यांकन के लिए उद्योग के विशेषज्ञों के पैनल के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें विषय आधारित विजेता घोषित किये गये तथा विजेता टीम को 5000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया, जबकि ओवरआल विजेता टीम को 10,000 रुपए के नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। टीम अल्फा से श्याम जैन और सनी सिंह को इवेंट का ओवरआल विजेता घोषित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। *(छाया: एस शर्मा)*

पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat, 09 November 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/45612693

NEWS CLIPPING: 10.11.2019

NAVBHARAT TIMES

बौद्धिक संपदा अधिकार पर कार्यशाला

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद: बौद्धिक संपदा अधिकार का महत्व बताने के उद्देश्य से जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) ने शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन एस्टर इंडस्ट्रीज में ग्रुप लीडर डॉ. ऋचा प्रकाश ने किया। कार्यशाला की शुरुआत आईआईसी के निदेशक डॉ. लखविंदर सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत किया।

टीम अल्फा ने जीता पुरस्कार

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद: छात्रों की इनोवेटिव सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी ने आंडियाथॉन 1.0 इवेंट का आयोजन किया। कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग व कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन इस इवेंट में छात्रों की रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को उनके नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ एस. के. गर्ग, औद्योगिक विशेषज्ञ रशीम कपूर, हेमंत कोहली व मुकेश कुमार भी उपस्थित थे।